दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 06-03-2023

# नेपा मिल में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस, अफसर-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

## औद्योगिक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



नेपा लिमिटेड में 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देब के मार्गदर्शन और महाप्रबंधक कार्य व परियोजना आर. अलागेशन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। विशेष अतिथि महाप्रबंधक वाणिज्य व प्रशासन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर सहित श्रमिक संघ के पदाधिकारी रविशंकर पवार और संजय पवार थे।

वरिष्ठ प्रबंधक पेपर मशीन और औद्योगिक सुरक्षा किशन पटेल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाने की पृष्ठभूमि और सुरक्षा प्रबंधन की आवश्यकता तथा महत्व पर विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम पर चर्चा की। दुर्घटनाओं के कारण और उनकी रोकथाम के लिए तकनीकी पहलुओं पर बात रखी। उन्होंने असुरक्षित परिस्थितियों, असुरक्षित कार्यों को उदाहरण सहित बताते हुए सुधार के लिए उपलब्ध साधनों की उपयोगिता बताई। आर. अलागेशन ने कंपनी की कोर वेल्यूस और गोल्डन रूल्स ऑफ सेफ्टी को विस्तार से समझाया। साथ ही शून्य दुर्घटना लक्ष्य के लिए सावधानियां बरतने को कहा। इस दौरान सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। औद्योगिक सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।